पत्र सं. 26-1/2019(प्र.वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 01-03-2019

# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान परिसर में राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सेवा हेतु आवेदन आमंत्रण अधिसूचना

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के चिन्तामण गणेश मार्ग पो. जवासिया उज्जैन म.प्र. के परिसर में राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय वर्ष 2018-19 से स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में ऋग्वेद शाकल शाखा, शुक्लयजुर्वेद माध्यान्दिनी शाखा, शुक्लयजुर्वेद काण्व शाखा, कृष्णयजुर्वेद-तैत्तिरीयशाखा, सामवेद कौथुम शाखा, सामवेद जैमिनीय शाखा, सामवेद राणायनीय शाखा, अथर्ववेद शौनक शाखा, अथर्ववेद पैप्पलाद शाखा, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक-विज्ञान, विज्ञान, योग, खेल विषयों का अध्ययन कराया जा रहा है।

महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान की शासीपरिषद् द्वारा म.सां.रा.वे.वि.प्र. सचिव को सौंपी गई शक्ति के अनुसरण में महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान परिसर में आदर्श वेद विद्यालय में वर्ष 2019-20 हेतु शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक व्यवस्था के लिए संविदा के आधार पर नियोजन के लिए अधिसूचित किया जा रहा है। ये सेवाएं ग्यारह माह के लिए ही संविदा के आधार पर होगी।

**शैक्षणिक-**

वेद की मौखिक परम्परा के अनुसार वेद का सस्वर अध्ययन किये हुए, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिकविज्ञान, योग एवं खेल विषय के उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।



Scanned by CamScanner

**शैक्षणिक सेवा-**

| क्र. | विषय | संख्या | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 1,35,000/- |
| 2 | ऋग्वेद शाकल शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 3 | शुक्ल-यजुर्वेद माध्यान्दिनी शाखा, | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 4 | शुक्लय-जुर्वेद काण्व शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 5 | कृष्णयजुर्वेद-तैत्तिरीय शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 6 | सामवेद कौथुम शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 7 | सामवेद जैमिनीय शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 8 | सामवेद राणायनीय शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 9 | अथर्ववेद शौनक शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 10 | अथर्ववेद पैप्पलाद शाखा | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| | कुल | 19 | | |

**नोट :- उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स /टी.डी.एस. देय होगा।**

सहयोगी विषय

| क्र. | विषय का नाम | संख्या | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संस्कृत | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 2 | अंग्रेजी | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 3 | गणित | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |



Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | सामाजिक विज्ञान | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 5 | सामान्य विज्ञान | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 6 | योग | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 30,000/- |
| 7 | खेल | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 30,000/- |
| | कुल | 8 | | |

**नोट :- उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स /टी.डी.एस. देय होगा।**

**गैर-शैक्षणिक सेवाएं -**

| क्र. | सेवा का नाम | संख्या | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुस्तकालय सहायक | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 25,000/- |
| 2 | वार्डन | 1 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 25,000/- |
| 3 | कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं लिपिक | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 18,000/- |
| 4 | एम टी एस | 2 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 15,000/- |
| 5 | रसोइया | 5 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 18,000/- |
| | कुल | 11 | | |

**नोट :- उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स /टी.डी.एस. देय होगा।**

**(I) प्राचार्य पद हेतु आवश्यक योग्यता–**

1. गुरुमुख से वेद अध्ययन किये हुए घनान्तपाठी प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान / वेद की मौखिक परंपरा में / वेद के सस्वर अध्ययन के साथ (विशेषज्ञों द्वारा अनुमोदित वैदिक परंपरा के अनुसार शाखाओं में से किसी एक में) विश्वविद्यालयों से प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री / किसी एक वेद के सस्वर अध्ययन में अत्यन्त प्रतिष्ठित वैदिक संस्थानों द्वारा पारंपरिक प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित घनान्तपाठी/सामवेद में रहस्यान्त अध्ययन एवं सस्वर सामगान में समर्थ/अथर्ववेद में प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान ।

Scanned by CamScanner

अथवा

वेद की किसी भी शाखा में उच्च कोटी के प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान जो चयन समिति को मान्य हो।

2. दस वर्ष का किसी वेद पाठशाला में वेद की कोई एक शाखा का अध्ययन कराने का अनुभव।
3. इस के अतिरिक्त, स्वयं वेद विद्यालय चलाने का 5 वर्ष का अनुभव।
3. संस्कृत भाषा और वेद भाष्य का अच्छा ज्ञान हो।

**वांछनीय योग्यता**

1. किसी वेद विद्यालय अथवा वेद संस्था में प्राचार्य या प्रशासनिक संबंधी कार्य किया हो ।

(II) **वेद अध्यापक के लिए आवश्यक योग्यता**

1. गुरुमुख से वेद अध्ययन किये हुए घनान्तपाठी तथा वेद की सम्बन्धित शाखा का सस्वर पारम्परिक अध्ययन / वेद के सस्वर अध्ययन के साथ (विशेषज्ञों द्वारा अनुमोदित वैदिक परंपरा के अनुसार शाखाओं में से किसी एक में) विश्वविद्यालयों से प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री / किसी एक वेद के सस्वर अध्ययन में अत्यन्त प्रतिष्ठित वैदिक संस्थानों द्वारा पारंपरिक प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित घनान्तपाठी /सामवेद में रहस्यान्त अध्ययन एवं सस्वर सामगान में समर्थ/अथर्ववेद में प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान ।
2. 10 वर्ष का किसी वेद पाठशाला में वेद की सम्बन्धित शाखा का सस्वर अध्ययन कराने का अनुभव।

संस्कृत भाषा और वेद भाष्य का अच्छा ज्ञान हो।

(III) **संस्कृत अध्यापक के लिये आवश्यक योग्यता -**

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय स्नातक स्तर में 55 प्रतिशत तथा संस्कृत विषय स्नातकोत्तर उपाधि में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हो **अथवा** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत /शास्त्र विषय शास्त्री में 55 प्रतिशत तथा संस्कृत /शास्त्र विषय आचार्य में 55 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हो ।
2. शिक्षा शास्त्री/ बी.एड



Scanned by CamScanner

**वांछनीय योग्यता -**

1. संस्कृत भाषा एवं विषय के अतिरिक्त कम्प्यूटर/वेद गणित/ किसी अन्य विषय को पढ़ाने की योग्यता।
2. संस्कृत भाषा में टेट (TET) परीक्षा में उत्तीर्ण
3. किसी विद्यालय में संस्कृत सम्भाषण/भगवद्-गीता/अमरकोश/शब्दरूप/धातुरूप आदि सिखाने का अच्छा अनुभव

**(IV) आधुनिकविषय अध्यापक (अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान) के लिए आवश्यक योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में स्नातक स्तर में 55 प्रतिशत तथा स्नातकोत्तर उपाधि में 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो ।
2. बी.एड.
3. 10 अथवा 12 अथवा स्नातक स्तर पर संस्कृत भाषा का अध्ययन किया हो।

**वांछनीय योग्यता**

1. सम्बन्धित विषय से टेट (TET) परीक्षा में उत्तीर्ण
2. सम्बन्धित विषय से अतिरिक्त किसी एक अतिरिक्त कम्प्यूटर/ हिन्दी भाषा /कला / को पढ़ाने की योग्यता।

**(V) योग अध्यापक के लिए आवश्यक योग्यता**

1. योग अथवा सांख्य योग अथवा नेचुरोपेथि एवं योग विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उपाधि प्राप्त की हो ।
2. QIC प्रमाण पत्र प्राप्त हो ।
3. समस्त आसन, प्राणायाम आदि प्रयोग में अभ्यास व पूर्ण कुशल हो।



Scanned by CamScanner

वांछनीय योग्यता

1. संस्कृत भाषा/ वेद का अध्ययन किया हो।
2. योग अथवा सांख्य-योग अथवा नेचुरोपेथि एवं योग विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।

(VI) खेल अध्यापक के लिए आवश्यक योग्यता

1. शारीरिक शिक्षा में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उपाधि प्राप्त हो।
2. किसी भी विद्यालय में 3 वर्ष का खेल-खूद अध्यापक का अच्छा अनुभव।

वांछनीय योग्यता

1. योग / संस्कृत भाषा / वेद का अध्ययन किया हो।

(VII) पुस्तकालय सहायक के लिए आवश्यक योग्यता

1. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.लिब / ग्रन्थालय विज्ञान में शास्त्री उत्तीर्ण हो।
2. संस्कृत विषय के साथ स्नातक अथवा शास्त्री उपाधि प्राप्त हो ।
3. किसी विद्यालय में पुस्तकालय सहायक के रूप में 2 वर्ष का अनुभव हो ।

(VIII) वार्डन के लिए आवश्यक योग्यता

1. संस्कृत / योग विषय के साथ स्नातक अथवा शास्त्री उपाधि प्राप्त हो ।
2. बाल मनोविज्ञान / बाल मार्गदर्शन और परामर्श विषय में प्रमाण पत्र प्राप्त हो ।
3. किसी विद्यालय अथवा संस्था में वार्डन के रूप में 2 वर्ष का अनुभव हो ।

(IX) कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए आवश्यक योग्यता

1. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त हो।
2. UGC/मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातकोत्तर कम्प्यूटर डिप्लोमा।



Scanned by CamScanner

3. योग / संस्कृत भाषा / वेद में कोई एक विषय पढ़ा हो
4. किसी संस्था में 3 वर्ष कार्यका अनुभव तथा यूनिकोड/भारतीय फॉंट में कार्य करने की क्षमता।

**(X) एमटीएस के लिए आवश्यक योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं संस्कृत भाषा के साथ उत्तीर्ण अथवा उत्तर मध्यमा उत्तीर्ण हो ।

**(XI) रसोइया के लिए आवश्यक योग्यता**

1. किसी भी रजिस्टर्ड NGO/Trust /वेद / योग शिक्षण संस्था में पाचक / रसोइया के रूप में 2 वर्ष का कार्य अनुभव हो
2. वैदिक पारम्परिक वेश-भूषा, भोजन, पाककला आदि का अनुभव एवं प्रयोग ज्ञान
3. भारत देश के विभिन्न प्रान्तों में प्रचलित भोजन, पाककला आदि का अनुभव एवं प्रयोग ज्ञान
4. विविध पर्व, उत्सव आदि में भोजन, मिठाई आदि बनाने का अनुभव एवं प्रयोग ज्ञान

**राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाएँ एवं नियम व शर्तें –**

1. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी संविदा के आधार पर ग्यारह माह के लिये होगी । अध्यापकों को प्रतिष्ठान के वेद अनुसन्धान, वेद अनुसन्धान आलेख रचना, वेदों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद, वैदिक प्रशिक्षण, वेद मुद्रण प्रूफ शोधन, वेद सभा, सम्मेलन, संगोष्ठी सहित अन्य शैक्षिक कार्य भी प्राचार्य अथवा अध्यपक के कर्तव्य में अन्तर्गत है।
2. वेद विद्यालय वेद की मौखिक परम्परा के साथ साथ, ब्राह्मण, आरण्यक, वेदाङ्गों एवं अन्य आधुनिक विषयों का भी अध्ययन कराया जायेगा ।
3. अध्यापकों को परीक्षा संचालन सम्बन्धी कार्यों का निर्वहन करना होगा।
4. चयनित सहयोगी विषय के अध्यापकों को पाठ्यक्रम एवं पुस्तक संकलन के दायित्व का भी निर्वहन करना होगा।
5. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय पूरी तरह से वेद विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय है।



Scanned by CamScanner

6. विद्यालय का जीवन उच्च अनुशासित, पारम्परिक तथा वैदिक संस्कृति और वैदिक ज्ञान पर आधारित होगा।
7. विद्यालय के अध्यापक एवं छात्रों को पारम्परिक वेश भूषा में रहना होगा। सभी अध्यापक (वेद एवं अन्य विषय के) को वैदिक वेषभूषा में रहना अनिवार्य है। (पुरुष के लिए धोती-कुर्ता आदि, महिला के लिए- साड़ी एवं ब्लाउज ही होगी)
8. अध्यापकों एवं छात्र का आचरण वैदिक परम्परा एवं शिष्टता अनुसार होगा।
9. वेद विद्यालय के छात्रावास एवं विद्यालय में किसी भी प्रकार के आधुनिक गेजेट-मोबाईल आदि उपयोग नहीं होगा।
10. अध्यापकों एवं कर्मचारियों को कम्प्यूटर-साक्षरता एवं कार्यक्षमता अनिवार्य है।
11. प्रत्येक अध्यापक एवं अन्य कर्मचारी को 100 रूपये के स्टांप पेपर पर सेवा शपथ पत्र देना होगा।
12. उपयुक्त पाये जाने पर, चयन समिति के विवेकाधिकार पर योग्यता, वयोमति एवं अनुभव में शिथिलता दी जा सकता है। चयन समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
13. वेद विद्यालय के सभी तरह के व्यवस्था में सचिव, म.सां रा. वे.वि.प्र., उज्जैन के आदेश मान्य होंगे।
14. उपर्युक्त सेवाओं सम्बन्धी प्रक्रिया को स्वीकृत करना, अस्वीकृत करना या पुनः आमंत्रित करने का अधिकार प्रतिष्ठान के अधीन रहेगा।

सचिव

म.प्र.वि.वे.रा.सं., उज्जैन

Scanned by CamScanner